# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा, सिरोही

:: नियुक्ति आदेश ::

''**सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023**'' के अन्तर्गत निदेशालय माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर के आदेश क्रमांकः शिविरा/माध्य/म.गां.अनु./प्रभाग–ब/अंग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/66174/2022/ **दिनांकः 28.06.2023/18.07.2023** के क्रम में संलग्न सूची **(परिशिष्ट–क)** अनुसार अभ्यर्थियों को **सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम** पद के लिए किए गए आवेदन के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि इनको राजस्थान सिविल पदों पर रखा जाना, नियम, 2022 के अधीन उक्त पद के लिए चयनित किया गया है।

अतः वह इसके द्वारा **सहायक अध्यापक लेवल–प्रथम (गैर अधिसूचित क्षेत्र)** के रूप में संविदा पर 01 (एक) वर्ष की कालावधि के लिए अर्थात् **09.08.2024 तक** , निम्नलिखित निबंधनों और शर्तों पर संलग्न सूची के कॉलम संख्या–17 में उल्लिखित महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)/राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में नियुक्त किया जाता है :–

**1-** रूपये 16,900/–(अंकों में) सोलह हजार नौ सौ मात्र (शब्दों में) प्रतिमाह का संविदा पारिश्रमिक।
उपरोक्त के अतिरिक्त, वह निम्नलिखित के लिए भी हकदार होगा/होगी :–
(क) मेडिक्लेम पॉलिसी प्रीमियम का पुनर्भरण जो रूपये 1500/– प्रति वर्ष से अधिक न हो।
(ख) समेकित मूल वेतन के अधिकतम 10% के अध्यधीन रहते हुए, नयी अभिदाय पेंशन स्कीम में स्वयं के द्वारा निक्षेपित 50% के अभिदान का पुनर्भरण।
(ग) दुर्घटना बीमा पॉलिसी प्रीमियम का पुनर्भरण जो 500/–रूपये प्रति वर्ष से अधिक न हो।

**2-** निबंधन और शर्तें तथा अन्य मामले जैसे छुट्टी आदि राजस्थान सिविल पद पर संविदा पर रखे जाना, नियम, 2022 के उपबंधों के अनुसार शासित होंगे।

**3-** ड्यूटी पर यात्रा करने के लिए, यात्रा और दैनिक भत्ता उसी प्रकार लागू होगा जैसा कि राजस्थान यात्रा भत्ता नियम, 1971 के अधीन संविदात्मक वेतन पर आधारित कर्मचारियों के प्रवर्ग पर लागू होता है।

**4-** पद ग्रहण से पूर्व उसके द्वारा दो राजपत्रित अधिकारियों से चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे जो 6 माह के भीतर–भीतर जारी किए गये हो।

**5-** नियुक्ति पद ग्रहण से पूर्व चिकित्सा बोर्ड/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी किये गये चिकित्सीय योग्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के अध्यधीन रहते हुए की जायेगी।

**6-** कार्यग्रहण रिपोर्ट के साथ शैक्षिक अर्हताएं, जाति या, यथास्थिति, पूर्व अनुभव से संबंधित अधिप्रमाणित प्रतियां, प्रमाण पत्र सहित मूल प्रस्तुत किये जायेंगे।

**7-** संविदात्मक नियुक्ति की कालावधि के दौरान वह कोई अन्य समनुदेशन नहीं लेगा/लेगी।

**8-** संविदात्मक नियुक्ति 09.08.2024 को समाप्त की जाती है। नियुक्ति की कालावधि के दौरान, वह तीन माह का नोटिस देकर पद त्याग कर सकेगा/सकेगी।
नियुक्ति प्राधिकारी भी उसकी नियुक्ति, तीन माह का नोटिस या उसका वेतन देकर समाप्त करने में सक्षम है।

**9-** यदि उपरोक्त निबंधन और शर्तें प्रतिगाहय है तो वह अधोहस्ताक्षरी को 25.08.2023 से पूर्व ड्यूटी के लिए रिपोर्ट कर सकेगा/सकेगी। उक्त दिनांक तक ड्यूटी के लिए रिपोर्ट नहीं करने पर नियुक्ति आदेश स्वतः रद्द हो जाएगा।

**इस कालावधि के अवसान के पश्चात् नियुक्ति आदेश रद्द हो जायेगा।**

**संलग्नः**–नियुक्त अभ्यर्थियों की सूची (परिशिष्ट–क)।

(गंगा कलावंत)
जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)
माध्यमिक शिक्षा, सिराही

Signature valid
Digitally signed by Ganga Kalawant
Designation : District Education Officer
Date: 2023.08.10 12:53:19 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4488006

**क्रमांकः** जिशिअ (मु.)/माशि/संस्था–2/ सिरोही/2023/255 **दिनांकः–10.08.2023**

**प्रतिलिपि** निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. विशिष्ट सहायक, माननीया शिक्षा राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सचिव, संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक (क–2) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
5. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
6. शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
7. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, पाली।
8. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, सिरोही ।
9. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), प्रारम्भिक शिक्षा, सिरोही।
10. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सिरोही।
11. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, सिरोही।
12. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं बी.आर.सी.एफ., समग्र शिक्षा,(समस्त) जिला सिरोही।
13. संबंधित पीईईओ/संस्था प्रधान।
14. संबंधित अभ्यर्थी को पालनार्थ।
15. रक्षित पत्रावली।

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)
माध्यमिक शिक्षा, सिराही

Signature valid

Digitally signed by Ganga Kalawant
Designation : District Education Officer
Date: 2023.08.10 12:53:19 IST
Reason: Approved

परिशिष्ट–क

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा, सिरोही

क्रमांकः जिशिअ (मु.)/माशि/संस्था–2/ सिरोही/2023/255 दिनांकः–10.08.2023

राजस्थान सिविल पदों पर संविदा पर रखा जाना, नियम, 2022 अन्तर्गत ''सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023'' के तहत सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम (गैर अधिसूचित क्षेत्र) पद पर नियुक्त संविदा कार्मिकों की सूची :–

| S.No. | MERIT No. | Application _No | TSP/ NTSP | Candidate_Name (श्री/ श्रीमती/ कुमारी) | पुत्र/पत्नी/पुत्री श्री | निवासी | ग्राम | तहसील | जिला | राज्य | DOB | Gender | Own_Cat. | Sel_Cat. | Spl_ Cat | आवण्टित विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 1 | 557 | 202326970663 | NTSP | RINKU RATHORE | UMMED SINGH RATHORE | BARMER | Santara | Gida | BARMER | Rajasthan | 17-07-1999 | Female | GENERAL - EWS | GENF | - | म.गा.रा.वि.रेवदर |
| 2 | 2017 | 202326912270 | NTSP | ANJU SUTHAR | CHELA RAM | SIROHI | Oda | Shivganj | SIROHI | Rajasthan | 24-12-1993 | Female | OBC-NON CREAMY | GENF | - | म.गा.रा.वि.माधोपुरा बरलूट |

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)
माध्यमिक शिक्षा, सिराही

Signature valid

Digitally signed by Ganga Kalawant
Designation : District Education Officer
Date: 2023.08.10 12:53:19 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4488006